प्रेस— विज्ञप्ति 19.06.2019

दिनांक 19 जून, 2019 को सायं **05:00 बजे** मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश "कानपुर में उद्योगों की संभावनाएँ (Prospects of Industries in Kanpur)" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

श्री बी.एम.गर्ग, अध्यक्ष, मर्चेंट्स चैम्बर ने श्री यू.सी. शुक्ला, निदेशक, MSME-DI, कानपुर, साथ ही उनके सहयोगी अधिकारियों का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला में उपस्थित मर्चेंट्स चैम्बर के सदस्यगण, उद्यमीगण व् नवजवान बंधुओं का हार्दिक अभिनन्दन किया। उन्होंने कहा कि आज की MSME मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानेंगे और कानपुर के सफलतम उद्यमियों के अनुभव व् उनका प्रयोगात्मक ज्ञान उन्ही के वाणी में प्राप्त करेंगे। इन्होने आशा किया कि इस अति उपयोगी कार्यशाला से हम सभी लाभान्वित होंगे।
कार्यशाला की शुरुआत कर्यशाला में उपस्थित सदस्यगणों को स्वच्छता-शपथ दिलवाकर की गयी।

श्री यू.सी. शुक्ला, निदेशक, MSME-DI, कानपुर, भारत सरकार, MSME मंत्रालय, ने बताया कि MSME मंत्रालय की बहुत सी योजनाएं संचलित हो रही है। भारत सरकार की प्राथमिकता MSME उद्यम पर अधिक है। भारत सरकार ease of doing business पर पूर्णतया केंद्रित है। श्री शुक्ला ने dc commissioner और ministry of MSME की वेबसाइट के बारे में की सूचित किया कि उक्त वेबसाइट पर MSME सम्बंधित पंजीकरण कराये जो पूर्णतयः निःशुल्क है। MSME विभाग द्वारा पॉवर पॉइंट प्रस्तुतीकरण में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। श्री शुक्ला ने बताया कि मुद्रा योजना में 75000 करोड़ ग्रांटेड किया जा चुके है। उन्होंने सुचित किया कि सकारी वेबसाइट की पहचान के लिए "gov.in" अवश्य लगा होगा या मेल में 'nic' का उपयोग होगा।

श्री समीर शिवहरे ने आये हुए उद्यमियों को व्यापार में नए विचारो को उपयोग में लाने तथा पूर्ण विश्वास के साथ कार्य करने की सलाह दिया।

श्री योगेश दुबे ने अपना अनुभव साझा किया और अपने व्यापारिक संस्थान राकेश संदल इंडस्ट्रीज की सफलता की वास्तविकता बयान किया और कहा कि कड़े मेहनत का कोइ विकल्प नहीं है।

कार्यशाला का संचालन श्री महेंद्र नाथ मोदी, सचिव- मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश ने किया व् धन्यवाद प्रस्ताव श्री प्रेम मनोहर गुप्ता, चेयरमैन, ट्रेड कमिटी, मर्चेंट्स चैम्बर ने दिया।

इस कार्यशाला में श्री अनिल अग्रवाल, श्री सुशील शर्मा, श्री विजय पांडेय, श्री गुलशन धूपर, श्री उमेश पांडे, श्री रूफी वाकी, मर्चेंट्स चैम्बर के सदस्यगण, उद्यमीगण, तथा MSME विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।